# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार,19 अप्रैल 2026


## सुविचार



अगर हम खतरों के पूरी तरह से सामने आने का इंतजार करेंगे, तो हम बहुत देर कर चुके होंगे।

- जॉर्ज डब्ल्यू बुश


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की हादसे में मौत II
- जंक फूड, बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों को बना रहा फैटी लिवर III
- अटल विवि कराएगा जीएनएम दाखिले की परीक्षा IV


## शहर में आज

- खवाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नारी शक्ति पर संगोष्ठी का आयोजन 11 :00 बजे।
- कृष्णानगर में परशुराम जन्मोत्सव व प्रतिमा स्थापना दिवस पर भजन संध्या 5 :00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# तपिश बढ़ी, शहर का पारा पहुंचा 40 के पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में शनिवार को सुबह से निकली तेज धूप ने पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा दिया। यह इस सीजन में पहली बार 40 डिग्री से ऊपर पहुंचकर 41 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक था।

वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक था। सुबह से तेज धूप में तपिश ने लोगों को परेशान किया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा रहा, लोग घरों से बाहर कम निकले। धूप से बचने के लिए लोग छांव का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग ने रविवार को भी तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। तेज धूप के बीच 1 से 2 डिग्री सेल्सियस पारा चढ़ने की संभावना है।



धूप ने किया चेहरा ढंकने पर मजबूर





लखनऊ में तापमान 41 होने पर चेहरे को तपन से बचाने के लिए किसी ने लिया छाते का सहारा तो कोई हाथ से चेहरा ढंकने को हुआ मजबूर। धूप से बचने का प्रयास करती युवतियां। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ



टंकी पर चढ़ी महिला।

### अवकाश को लेकर टंकी पर चढ़ी महिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग को लेकर सपा नेत्री शनिवार दोपहर दारुल शफा स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। सूचना मिलते ही हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया। पारा निवासी वंदना चतुर्वेदी समाजवादी अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष है। उन्होंने बताया कि बीजेपी सरकार ने परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया। महिला महासभा कई वर्षों से अवकाश घोषित किए जाने की मांग कर रही है। वंदना शनिवार दोपहर करीब 12 टंकी पर चढ़ गई। जानकारी मिलते ही मौके पर एडीएम, पुलिस अधिकारी पहुंच गए। अधिकारियों ने पीड़िता से सीएम से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। महिला करीब ढाई घंटे बाद टंकी से उतरी।

### इमाम अली रजा का जन्मदिन 29 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि 18 अप्रैल को ज़िक़ाद का चांद हो गया है। इसलिये 19 अप्रैल को माहे ज़िक़ादा की पहली तारीख होगी और इमाम अली रजा का जन्म दिवस 11 ज़िक़ाद 29 अप्रैल 2026 को होगा।

### शालीमार चौराहे पर धंसी सड़क, लगा जाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन्दिरा नगर के शालीमार चौराहे पर शनिवार को सड़क धंसने से जाम लग गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन भर वाहन रेंगते रहे। सड़क धंसने की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने बैरिकेडिंग करके यातायात चालू कराया। मुख्य मार्ग होने के कारण आवाजाही प्रभावित रही। क्षेत्रीय निवासियों ने जल्द सड़क बनाने की मांग की है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार सड़क धंसने के कारणों की जांच की जा रही है।

# ओटीएस योजना के लिए आज से करें आवेदन

## प्रमुख सचिव ने डिफाल्टर आवंटियों के लिए लांच किया पोर्टल, विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के लिए डिफाल्टर आवंटी रविवार से ऑनलाइन पोर्टल पर घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन पी गुरुप्रसाद ने शनिवार को (ओटीएस) 2026 की औपचारिक शुरुआत के बाद ऑनलाइन सॉफ्टवेयर प्रणाली का शुभारंभ किया।

आवंटी upots.in के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में विभाग के विभिन्न अभिकरणों के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के सभागार में हुई। जिसमें विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, राजस्व सृजन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा कार्यप्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव (आवास एवं शहरी नियोजन), आवास आयुक्त उप्र आवास एवं विकास परिषद, निदेशक (आवास बन्धु), निदेशक (सूडा), विशेष सचिव (आवास एवं शहरी नियोजन) सहित विभिन्न विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष, परिषद एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



आवास विकास मुख्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव आवास एवं अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### पीएम आवास योजना शहरी को प्राथमिकता पर पूरा करें

- प्रमुख सचिव ने बैठक में पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किफायती आवास परियोजनाओं को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सिटी डेवलपमेंट प्लान, निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जनहित गारंटी पोर्टल एवं आईजीआरएस पर लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

### योजनाओं में पीएनजी नेटवर्क का किया जाए प्रावधान

- बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद ने सिटी गैस वितरण (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार के लिए आवास एवं विकास परिषद और विभिन्न विकास प्राधिकरणों को अपनी योजनाओं में अधिक से अधिक प्रावधान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कालोनियों में पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जाए। जिससे आम नागरिकों को भी पीएनजी की सुविधा मिल सके।

### पहले दिन कम पहुंचे डिफाल्टर आवंटी

- अमृत विचार, लखनऊ : ओटीएस योजना की शनिवार से शुरुआत हो गई। पहले दिन एलडीए और आवास विकास में योजना के लिए आवेदन शुरू हो गए। पहले दिन डिफाल्टर आवंटी कम संख्या में पहुंचे। दोपहर बाद सन्नाटा हो गया। एलडीए के गोमती नगर स्थित कार्यालय में बनाई गई हेल्प डेस्क में लोग पूछताछ करते दिखे। उन्हें योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आवास विकास के सेक्टर 9 वृंदावन योजना स्थित ऑफिस कॉम्प्लेक्स में प्रवेश द्वार के बाहर ही बनी हेल्प डेस्क पर लोगों को संबंधित सम्पत्ति कार्यालय भेजा गया। वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय में दोपहर तक करीब 25 आवंटी जानकारी लेने पहुंचे। सम्पत्ति कार्यालय के अंदर भी हेल्प डेस्क बनाई गयी है। उप आवास आयुक्त चंदन पटेल ने बताया कि शनिवार को आवंटी कम संख्या में पहुंचे, सोमवार से संख्या बढ़ेगी।

# आउटसोर्सिंग पर 2000 सफाई कर्मचारी रखेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



- असम चुनाव में वोट डालने चले जाने से चौपट हो गई थी शहर की सफाई व्यवस्था
- कंपनियों के माध्यम से लोगों को आठों जोन में लगाया जाएगा

**अमृत विचार :** लखनऊ नगर निगम अब शहर की सफाई में असम के कर्मचारियों पर निर्भरता खत्म करेगा। नगर निगम अगले महीने से शहर की सफाई के लिए लगभग 2000 स्थानीय कर्मचारी रखेगा। ये कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था देख रहीं लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) और लॉयन इनवायरो के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर रखे जाएंगे। सभी कर्मचारी आठों जोन में सफाई के लिए लगाए जाएंगे।

दरअसल इन कंपनियों के माध्यम से लगे सफाई कर्मचारी पिछले महीने असम चुनाव में वोट डालने चले गए थे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। शहर में हफ्तों घरों और डम्पिंग यार्डों से कूड़ा उठा न सड़कों पर झाड़ू लगी। जिससे जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लग गए। नगर निगम प्रशासन अब असम के सफाई कर्मचारियों का विकल्प तैयार करने जा रहा है।

### पार्षदों के हंगामे के बाद महापौर ने दिए निर्देश

- नगर निगम सदन की 15 अप्रैल को हुई बैठक में भाजपा सहित विपक्षी पार्षदों ने बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया था। जिसके बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने दोनों कंपनियों के अधिकारियों को सदन में बुलाया। कंपनियों का कहना था कि असम के कर्मचारियों के चुनाव में वोट डालने चले जाने से समस्या हुई। जिस पर महापौर ने सख्त निर्देश देते हुए 75 प्रतिशत सफाई कर्मचारी स्थानीय भर्ती करने के निर्देश दिए थे।

# नगर निगम जोन 5 कार्यालय की बिजली एक हफ्ते से कटी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- हाउस टैक्स, म्यूटेशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र का काम अटका

**अमृत विचार :** करोड़ों रुपये हाउस टैक्स वसूलने वाला नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही से खुद अंधेरे में है। आलमबाग चंदरनगर स्थित नगर निगम जोन 5 कार्यालय की बिजली एक हफ्ते से कटी है। जेनरेटर का डीजल भी खत्म हो चुका है।

जिससे जनता परेशान है। उनके जरूरी काम जैसे हाउस टैक्स जमा करना, नामांतरण से लेकर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र आदि काम अटक गए हैं। बिजली न होने से कर्मचारी गर्मी से बेहाल हैं। वहीं जोनल अधिकारी का कोई अता-पता नहीं है। कर्मचारियों का आरोप है कि समस्या से कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया। उनका कहना है कि शुरुआत में डीजल से जेनरेटर चलाकर किसी तरह चलाया जा रहा था, लेकिन अब डीजल का स्टॉक भी समाप्त हो गया है। जोनल अधिकारी से फोन करके इस सम्बंध में जानकारी करने का कई बार प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# बढ़े बिल और कटौती से परेशान महिलाओं ने पार्षद को घेरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर से बढ़ीं समस्याएं समाधान की उठी मांग

**अमृत विचार :** राजधानी के मनकामेश्वर वार्ड में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। बढ़े हुए बिजली बिल और बार-बार हो रही कटौती से नाराज महिलाओं ने पार्षद रंजीत सिंह का घेराव कर जल्द समाधान की मांग की। मामला विधायक नीरज बोरा तक पहुंचा, जहां से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल असामान्य रूप से बढ़ गए हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बैलेंस माइनस में चला जाता है, जिससे बिना सूचना बिजली काट दी जाती है। इससे घरों में अंधेरा छा जाता है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि बिना जानकारी उनके मीटर की प्रणाली बदल दी गई, जिससे बिलिंग समझना मुश्किल हो गया है। हर महीने भारी बिल आने से खासकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हैं। पार्षद रंजीत सिंह ने भी माना कि स्मार्ट मीटर के कारण समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने शिकायत विधायक तक पहुंचाते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है।



पार्षद का घेराव करतीं स्मार्ट मीटर से परेशान महिलाएं।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बढ़ा जनाक्रोश

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से शनिवार को आयोजित प्रादेशिक ऑनलाइन वेबिनार में पूर्वांचल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, मध्यांचल और केस्को क्षेत्र से सैकड़ों उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं साझा कीं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रीपेड मीटर व्यवस्था आर्थिक बोझ बन गई है। उनका कहना है कि मीटर तेज चल रहे हैं, बैलेंस अचानक नेगेटिव हो जाता है और बार-बार रिचार्ज के बावजूद राहत नहीं मिलती। कई उपभोक्ताओं ने बिना अनुमति पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड में बदलने की शिकायत भी की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली कंपनियों पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों मीटर जबरन बदले गए हैं, जिन्हें वापस किया जाना चाहिए। उन्होंने नए कनेक्शनों में अनिवार्य प्रीपेड व्यवस्था समाप्त करने की मांग की।

## विकासनगर अग्निकांड

घटना स्थल के पास यातायात व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे पुलिसकर्मी

# मदद को बढ़े हाथ, अग्निकांड पीड़ितों को खुलकर मिल रहा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अलीगंज के विकासनगर में अग्निकांड के पीड़ित परिवारों के लिए लखनऊ वासियों ने दिल खोलकर मदद देनी शुरु कर दी है। घटना के चौथे दिन शनिवार को भी मदद पहुंचाने वालों का तांता लगा रहा। खाने के पैकेट से लेकर पानी की बोतलें, दवाएं, कपड़ें और चादर-बिस्तर तक पहुंचाने वालों की भीड़ देर शाम तक जुटी रही। इस दौरान घटना स्थल पर पुलिसकर्मी लगातार यह प्रयास करते दिखे कि लोगों की भीड़ की वजह से यातायात व्यवस्था बाधित न होने पाए और भीड़ न लगने पाए।

घटनास्थल पर पहुंचते ही हमे सबसे पहले सान्या अस्पताल का मेडिकल कैंप दिखा जहां पर डाक्टर और नर्स की एक टीम लोगों की मदद करते मिली। जब उनसे पूछा गया कि आप कौन सी दवाएं दे रहे हैं तो डॉक्टरों ने बताया कि हम फर्स्ट एड जैसी दवाएं दे रहे हैं। अब तक करीब 100 से अधिक बर्न के मामले आ चुके हैं। जिसमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे समेत युवा भी है जो सामानों को बचाने के कारण हल्का फुल्का जल गए हैं। पास में ही एक टेंट में कपड़े और राशन जमा करने के लिए स्टॉल लगा दिया गया है, जहां पर लोग जरुरत के सामान जमा कर सकते हैं जिसे जरूरतमंदों को दिया जा रहा है।



उजड़ी झुग्गी के पास लेटा युवक।



मदद में मिला राशन ले जाती बालिका।



बाल्टी वितरित करते लोग। अमृत विचार

### झुग्गी-झोपड़ियों में दिखीं दर्जन भर जली मोटर साईकिलें

- घटनास्थल पर जले हुए बर्तन और सामान का जगह-जगह ढेर लगा हुआ है। जिमसें करीब 30 से 40 तो साईकिले जली हुई दिखी। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर दर्जन भर से अधिक मोटरसाईकिलें भी फूंकी हुई दिखाई पड़ी। यहां पर रहने वाले इदरीस और साहिद बाराबंकी और सीतापुर के निवासी हैं। वह मोटरसाईकिल पर ही घूम-घूम कर फेरी लगाया करते थे लेकिन अब कैसे परिवार पालेंगे इसी चिंता में डूबे दिखे।

### साहब पैसा दो, सामान बहुत आ गया

- दिनभर लोगों को जरुरत का सामान देने वालों की भीड़ लगी रही। पानी की बोतले और कपड़ें अब लोगों ने जमा करना शुरु कर दिया है। भोजन पैकेट भी पर्याप्त मात्रा में मिल गए हैं। एक महिला कपड़ा बांटने वाले एक व्यक्ति से कहती रही कि कपड़ा मत दीजिए पैसा दीजिए। यहां की निवासी पूजा कुमारी घरों में झाड़ू पोंछा करती है। वह नियमित साईकिल चलाकर विकासनगर के विभिन्न घरों में जाती है लेकिन उसकी साईकिल जल गई है। कुछ बचा ही नहीं उसमें लोहा का अवशेष छोड़कर। उसका पति शादी विवाह में ढोल तासा बजाता है जब काम मिल जाता है, बाकी समय बेरोजगारी में कटता है। पूजा के सामने यक्ष प्रश्न है कि अब कैसे समय से हर घर में पहुंच पाएगी।

# अग्निकांड पीड़ितों की हर संभव मदद करें लोगः खालिद रशीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने पहुंचाई सहायता

**अमृत विचार :** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने विकासनगर क्षेत्र में हुए अग्निकांड से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आग से बेघर हुए लोगों के पास न तो रहने की जगह बची है और न ही खाने-पीने व दैनिक उपयोग की वस्तुएं।

उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बेहद परेशान हैं, ऐसे में उनकी मदद करना सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी है। मौलाना के निर्देश पर सेंटर का एक प्रतिनिधिमंडल मौलाना मोहम्मद मुश्ताक के नेतृत्व में प्रभावित बस्ती पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों को भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। मौलाना खालिद रशीद ने संपन्न लोगों से आगे आकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पीड़ितों को प्लास्टिक शीट, टीन, तिरपाल और अस्थायी आवास सामग्री की सख्त जरूरत है। इस दौरान मौलाना मोहम्मद सुफियान, चांद कुरैशी, फैज खालिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अग्नि पीड़ितों को बांटी जरूरत की सामग्री

- **अमृत विचार,लखनऊ :** आस्था हॉस्पिस एवं जेरियाट्रिक केयर सेंटर की ओर से विकासनगर में अग्नि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें प्रभावित लोगों को आवश्यक सामग्री वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। संस्था के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अभिषेक शुक्ला ने बताया शिविर के दौरान संस्था की ओर से जरूरतमंद परिवारों के बीच कपड़े व अन्य सामान का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आग से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना और उनके जीवन को दोबारा व्यवस्थित करने में सहयोग देना रहा। इस अवसर पर संस्था की ओर से हर्षिता, श्रेया, दीपा, एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### इंटर की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना स्थित रजनीखण्ड में इंटरमीडिएट की छात्रा ने शनिवार को घर में द्वितीय तल पर बने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। किला चौकी इंचार्ज शुभम मेहंदियान ने बताया कि अदिति (17) पुत्री विकास निवासी रजनीखंड इंटरमीडिएट की छात्रा थी। शनिवार दोपहर उसने दूसरी मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। परिजन ने फंदे से उतारकर अदिति को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि परिवार में माता-पिता, एक बहन व एक भाई है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### तालकटोरा में किशोर का मोबाइल लूटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा के राजाजीपुरम ई ब्लॉक रुपम चौराहा के पास पैदल जा रहे किशोर से बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फर्राटा भरते हुए भाग निकले। ई-ब्लॉक निवासी भरत खत्री ने बताया कि 17 अप्रैल की रात बेटा तन्मय पैदल मोबाइल फोन पर बात करते हुए रूपम चौराहा से मिनी स्टेडियम की ओर जा रहा था। रास्ते में पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### फोटो वायरल करने की धमकी

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना थाने में एक व्यक्ति ने युवक पर समझौते के बाद दो लाख की वसूली की मांग करने के साथ बेटी की सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पीड़ित ने बताया कि 12 अगस्त 2025 को पवनपुरी आलमबाग निवासी देवेन्द्र प्रताप यादव के साथ आपसी विवाद का समझौता हो गया था। आरोप है कि उसके बाद से आरोपी ने उनकी पुत्री पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने विभिन्न माध्यमों से लगातार उनकी पुत्री से संपर्क कर दो लाख मांगे। इंकार पर व्हाट्सएप चैट के जरिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी है। पिता का आरोप है कि आरोपी देवेंद्र बेटी पर नजर रखता है।

### मारपीट व उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना थाने में महिला ने पति पर उत्पीड़न और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि पति आए दिन उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और बच्चों के सामने ही शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। विरोध करने पर मारपीट भी करते हैं। आरोप है कि कि उसके पति अश्लील वीडियो देखकर उन्हें परेशान करते हैं और बच्चों के सामने ही जबरन अभद्र व्यवहार करते हैं। विरोध पर घर से निकालने, बिजली काट परेशान करने की धमकी देते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### गोमती में डूबे युवक का शव बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के सैथा गांव में गुरुवार शाम बेटी और तीन दोस्तों संग गोमती नदी में नहाते वक्त डूबे युवक का शव 36 घंटे बाद पानी में उतराता हुआ मिला। ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज निवासी महेंद्र सिंह चालक हैं। परिवार में पत्नी मीरा सिंह और दो बेटे अंकुर (25) और युवराज हैं। पिता ने बताया कि अंकुर अपनी पांच वर्षीय बेटी पीहू और तीन दोस्तों देश दीपक, अविरल, आदर्श संग गोमती नदी नहाने गया था। नहाने के दौरान अंकुर अपनी चचेरी बहन माही से वीडियो कॉल पर बात करते हुए गहरे पानी में समा गया था। पिता को डूबता देखकर बेटी चीखने लगी। शोर सुनकर मौजूद लोगों ने अंकुर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया। गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम ने तलाश की लेकिन अंकुर का शव नहीं मिला था।

### हनी ट्रैप में फंसाकर 6.64 लाख की ठगी

**अमृत विचार, काकोरी :** मोहान रोड निवासी देवेश्वर श्रीवास्तव ने बताया कि इंस्टाग्राम पर रिद्धी शर्मा नाम की युवती से उनकी पहचान हुई। बातचीत बढ़ने पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और युवती ने शादी का प्रस्ताव भी रखा। इसके बाद उसने रोबोफोरेक्स नामक कंपनी में निवेश कर विदेशी मुद्रा में मुनाफा कमाने का झांसा दिया। शुरुआत में थोड़ा मुनाफा दिखाकर भरोसा जीत लिया गया, जिसके बाद 9 फरवरी से 17 मार्च के बीच पीड़ित ने 6.64 लाख रुपये निवेश कर दिए। शक होने पर संपर्क करने पर युवती का फोन बंद मिला। इंस्पेक्टर पारा के अनुसार आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 1180 बोरी पीओपी हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, गोसाईंगंज

- चालक को गुमराह कर ट्रक पर लदी बोरियां उतरवाई
- 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से 72 घंटे में हुआ खुलासा
- घटना में प्रयुक्त दो बाइक, चार मोबाइल व हड़पा गया माल बरामद

**अमृत विचार:** फर्म का मालिक बनकर पंजाब से आए ट्रक चालक को गुमराह कर 1180 बोरी पीओपी की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का गोसाईंगंज पुलिस ने 72 घंटों के अंदर भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर हड़पा गया माल, घटना में प्रयुक्त दो बाइक व चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि मनसा पंजाब निवासी ट्रक चालक बलराज सिंह 4 अप्रैल को दन्तौर राजस्थान से ट्रक में पीओपी बोरियां लादकर बाराबंकी शाह ट्रेडर्स आ रहा था। गोसाईंगंज क्षेत्र में पहुंचने पर ट्रक चालक को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके बताया गया कि तुम जो माल लेकर बाराबंकी जा रहे हो मैं उस फर्म का मालिक बोल रहा हूं, उस माल को गोसाईंगंज में ही उतारना है। मैं अपना मुंशी भेज रहा हूं।

उसके ट्रक ड्राइवर को दूसरे नंबर से फोन किया गया जिसमे कहा गया कि मालिक से तुम्हारी बात हुई है मैं माल उतरवाने आ रहा हूं। कुछ समय बाद ही तीन लोग डाला व ट्रैक्टर ट्राली लेकर ट्रक ड्राइवर के पास आये और माल उतरवाकर कबीरपुर में किराये के कमरे में रखवा दिया हैं। भाड़े हेतु माल भेजने वाली कम्पनी द्वारा बाराबंकी स्थित फर्म से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि माल अभी तक पहुंचा ही नहीं है। तब ट्रक चालक को धोखाधड़ी होने का पता चला। जिसपर उसने 14 अप्रैल को गोसाईंगंज थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद माल। अमृत विचार

### जीएसटी अफसर बनकर फंसाते थे

- प्रशिक्षु आईपीएस सारिका चौधरी ने बताया कि आरोपी ट्रक पर लिखे नंबर से ट्रक मालिक को फोन कर ड्राइवर का नंबर लेते हैं। उसके बाद खुद को फर्म का मालिक बताकर ड्राइवर को गुमराह कर माल उतरवा लेते थे। यही नहीं आरोपी जीएसटी का अफसर बन भी धोखाधड़ी करते थे। बरामद माल की कीमत करीब चार लाख है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशिक्षु आईपीएस सारिका चौधरी व इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की। अहम जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने 17 अप्रैल को बेली गांव के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे से तीन आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तौफीक आलम, राजबाबू व गुलाम गौस निवासी हरिहरपुर तम्कुहीराज कुशीनगर बताया। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

### अधिवेशन में भिड़े वकील गाड़ियों में तोड़फोड़

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर के कानपुर रोड स्थित अवस्थी लॉन में शुक्रवार देर रात अधिवेशन के दौरान वकीलों के दो गुट भिड़ गए। दोनों पक्षों में मारपीट के बाद बाहर खड़ी गाड़ियों पर पथराव हुआ, जिससे दर्जनभर वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो वकीलों को पकड़कर शांतिभंग में चालान किया। इंस्पेक्टर पीके सिंह के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान शराब के नशे में विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया। बाद में कुछ लोगों ने बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़ की। अधिवक्ता अरुण प्रताप सिंह ने नकदी चोरी व नुकसान की शिकायत दी है। पुलिस जांच कर रही है।

# बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की हादसे में मौत, दो भाई घायल

## बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे के बाद चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


परमेश्वर

- मलिहाबाद स्थित हसनापुर गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** मलिहाबाद में बहन की शादी का निमंत्रण पत्र बांटने जा रहे बाइक सवार तीन भाइयों को बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

शाहपुर गोडवा निवासी किसान शंकर रावत का बेटा परमेश्वर (26) शुक्रवार रात बाइक से अपने चचेरे भाई रजनीश और छोटे भाई राम के साथ हसनापुर गांव में एक रिश्तेदार के तिलक में शामिल होने और बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। रास्ते में मलिहाबाद थानाक्षेत्र के वाजिदनगर-हसनापुर संपर्क मार्ग पर बेकाबू ट्रैक्टर ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। सिर पर चोट लगने से परमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला।

घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहा युवक हेल्मेट नहीं पहने था। पुलिस ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल है।

परमेश्वर अपने भाइयों के साथ अपनी बहन रेशमा की शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक से निकला था। रेशमा का तिलक 24 अप्रैल और शादी 29 अप्रैल को है। हादसे के समय परमेश्वर जिस बाइक से था, वह भी रेशमा के तिलक के लिए ही खरीदी गई थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। तभी परमेश्वर की मौत की खबर घर आ गई। बेटे की मौत के बाद से मां कलावती का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार बीडीसी की मौत, साथी घायल



- **अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र स्थित बेहटा चौराहे पर शनिवार सुबह बेकाबू कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बीडीसी की मौत हो गयी, जबकि साथी घायल हो गया। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ा और जमकर धुनाई की। काकोरी पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां बीडीसी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खुर्रमपुर बेहटा गांव निवासी ग्राम पंचायत सदस्य आशीष यादव (39) निजी स्कूल के वैन चालक थे। भाई सतीश ने बताया कि शनिवार सुबह आशीष अपने दोस्त मनीष रावत के साथ बाइक से कैसरबाग स्थित कोर्ट जा रहे थे। बाइक मनीष चला रहा था और आशीष पीछे बैठे था। रास्ते में बेहटा चौराहे पर विपरीत दिशा से कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मनीष और आशीष उछलकर सड़क पर गिरे। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घटना देख राहगीर व ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। घटना के बाद भाग रहे कार सवार को भीड़ ने पकड़ लिया। उसे जमकर पीटा। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार को हिरासत में लिया। घायलों को गंभीर हालत में सरोजनीनगर सीएचसी भेजा। वहां डॉक्टर ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने मनीष की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजन को दी। आशीष की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान कार चालक नशे में था। पुलिस को कार में शराब की बोतल मिली है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि भाई सतीश ने बंथरा थाना के मवई पड़ियाना निवासी कार चालक बृजेश पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार कब्जे में ले ली है। हादसे के बाद से परिवार का बुरा हाल है। परिवार में पत्नी पूनम, दो बेटियां पीहू, रूही और एक बेटा रौनक हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आशीष का स्वभाव बेहद मिलनसार था। वर्तमान में वह सरोजनीनगर ब्लॉक में बीडीसी पद पर भी थे, जिसके चलते क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान और छवि थी।

# लापता युवक की मौत की खबर पर परिजन भड़के, थाने में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महिगवां थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक को बाराबंकी के कुछ लोग 10 अप्रैल को काम के बहाने बहला कर दूसरे राज्य ले गए। कई दिन बीत जाने के बाद युवक का पता नहीं चला तो परिजन ने 13 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार को महिगवां थाने पहुंचे पीड़ितों ने कार्रवाई न करते का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरु कर दिया। पुलिस ने परिजनों को बताया कि युवक की चेन्नई में ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। हंगामा कर रहे लोगों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया। पुलिस दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रामपुरवा निवासी मनोरमा ने बताया कि उनके बेटे सौरभ को बाराबंकी के पिलहटी गांव के कुछ लोग चेन्नई में काम करने के बहाने ले गए थे। परिजनों ने बताया कि कई दिन बीत जाने के बाद जब सौरभ का फोन नहीं आया तो कॉल की। सौरभ का फोन न मिलने पर परिजन 13 अप्रैल को महिगवां थाने पहुंचे। पुलिस ने सौरभ की गुमशुदगी दर्ज की। कई दिन बीतने के बाद जब सौरभ का पता नहीं चला तो शनिवार शाम को परिजन थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे।


थाने के सामने हंगामा करते लोग। अमृत विचार

- 13 अप्रैल को दर्ज हुई थी गुमशुदगी, चेन्नई में ट्रेन हादसे में हुई युवक की मौत
- पुलिस ने फोटो दिखाकर कराई पहचान, हंगामा करने वाले दो लोग हिरासत में

पुलिस ने परिजनों को बताया कि केरल के चेन्नई में ट्रेन हादसे में युवक की मौत हुई है। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सौरभ के शव की फोटो दिखाई। परिजनों ने फोटो से सौरभ की पहचान की। घरवालों ने सौरभ की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस ने परिजनों को समझाया, लेकिन वह नहीं माने। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर इटौंजा, बीकेटी व महिला थाना पुलिस को भी बुला लिया।

### सड़क पार करते समय हुए हादसे में दुकानदार की मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा में बाइक की टक्कर से गुटखा विक्रेता राजू (53) की मौत हो गई। हादसे के वक्त सड़क पार कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम् के लिए भेज दिया। माल हसनापुर सिकरौरी निवासी राजू दुबग्गा गद्दी बगिया में बेटी सुहाना, बेटे साहिल और छोटू के साथ रहता था। वह सिगरेट, पान मसाला की दुकान लगाता था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह पैदल दुबग्गा चौराहा पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसा देख मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौका देख आरोपी चालक बाइक समेत भाग निकला। हादसे में राजू की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# झांसा देकर ठगे 46.72 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार :** शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 46.72 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर खुद को सेबी से रजिस्टर्ड कंपनी से जुड़ा बताया और लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराई। इसके बाद डीमैट अकाउंट खुलवाकर चरणबद्ध तरीके से रकम ट्रांसफर करा ली।

पीजीआई के चरन भट्ठा रोड स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी स्वप्निल मिश्रा के अनुसार, उन्हें व्हाट्सएप कॉल के जरिए शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच दिया गया। विश्वास दिलाने के लिए उनका नंबर एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अन्य लोगों के मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाए गए। इसके बाद उन्हें लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराई गई और डीमैट अकाउंट खुलवाया गया।

पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में 'इनवॉइस ट्रेडर्स डॉट कॉम' के माध्यम से कुल 46,71,811 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद एप पर रकम लगभग दोगुनी दिखाई देने लगी, जिससे उनका भरोसा और बढ़ गया। जब उन्होंने विड्राल का प्रयास किया तो ट्रांजेक्शन नहीं हुआ और संपर्क करने पर टालमटोल की गई। बाद में दूसरा नंबर देकर रकम वापस करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन न तो पैसा मिला और न ही संपर्क हो सका।

ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और शनिवार को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# मॉडल शॉप में चार लाख की शराब चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा के पतौरा मोड़ इलाके की घटना, डीवीआर भी गया
- इंदिरानगर में अधिवक्ता के मकान में 22 लाख की चोरी
- बीबीडी में बंद मकान में चोरों ने माल किया साफ

**अमृत विचार:** पारा के पतौरा मोड़ पर चोरों ने शराब की दुकान में सेंध लगाकर चार लाख की शराब चोरी कर ली। वारदात के बाद चोर डीवीआर भी उठा ले गए। पड़ोस के कैमरे में छह चोर कैद हुए हैं। वहीं, इंदिरानगर में चोरों ने अधिवक्ता के बंद मकान को निशाना बनाया। चोर 14 लाख के जेवर व साढ़े सात लाख रुपये कर भाग निकले। उधर, बीबीडी इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया।

काकोरी के मौदा स्थित अजीटन खेड़ा निवासी अजीत पाल की पारा के पतौरा मोड़ पर सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान है। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात करीब 12:40 बजे पांच-छह चोर दुकान में पीछे की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुए। उसके बाद चोरों ने दरवाजा फाड़कर लाइट व कैमरा तोड़कर चोरी की। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने आठ पेटी अंग्रेजी शराब, 104 बोतलें चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि चोरी हुए माल की कीमत करीब चार लाख रुपये है। वारदात के बाद आरोपी डीवीआर भी उठा ले गए। पुलिस ने छानबीन करने के बाद पीड़ित की तहरीर पर पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

वहीं, इंदिरानगर के फरीदीनगर स्थित शिवपुरी कॉलोनी निवासी अधिवक्ता चंद्रकांत राय ने बताया कि 15 अप्रैल को वे हाईकोर्ट गए थे। शाम को वे घर पहुंचे और कुछ देर बाद परिचित की शादी में शामिल होने ट्रांसपोर्ट नगर गए थे। देर रात वे घर आए तो सामान बिखरा और आंगन की जाली टूटी मिली। अंदर गए तो आलमारी खुली मिली। पीड़ित चंद्रकांत राय ने बताया कि चोरों ने साढ़े सात लाख रुपये और 14 लाख के जेवर चोरी कर लिए। इंदिरानगर पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, बीबीडी के अनौराकला स्थित पपनामऊ निवासी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि एक मार्च को मुख्य द्वार का ताला खोलकर अंदर गए तो खिड़की की ग्रिल टूटी मिली। पीड़ित का कहना है कि चोर जेवर, एलईडी टीवी, सिलेंडर और करीब पांच हजार रुपये चोरी हो गए। 17 अप्रैल को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कैंसर पीड़िता के खाते से 18 माह में उड़ाए 3.71 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिना ओटीपी खातों से 6.38 लाख पार, तीन थानों में मुकदमे
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने बिना ओटीपी के तीन लोगों के खातों से कुल 6.38 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों में कैंसर से ग्रसित लोहिया अस्पताल की रिटायर्ड वरिष्ठ परामर्शदात्री भी शामिल हैं। तीनों मामलों में सुशांत गोल्फ सिटी, सरोजनीनगर और इटौंजा थानों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी वीना तिवारी के एसबीआई खाते से 26 अक्टूबर 2024 से 3 अप्रैल 2026 के बीच 3,71,489 रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाले गए। उन्हें न ओटीपी मिला, न ही कोई संदेश।

सरोजनीनगर के गौरव शुक्ल के एक्सिस बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड



के जरिए 1,52,625 रुपये पार कर लिए गए। वहीं इटौंजा निवासी बनवारी लाल के सेंट्रल बैंक और पीएनबी खातों से 1,13,499 रुपये निकाले गए। तीनों पीड़ितों ने बैंक व साइबर सेल में शिकायत के बाद संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

अभियान

उच्च न्यायालय के आदेश पर परिवहन व पुलिस विभाग सक्रिय

# मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ, लखनऊ की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, सायरन और प्रेशर व मल्टीटोंड हॉर्न के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया गया है। न्यायालय ने इन उपकरणों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर गंभीर आपत्ति जताते हुए पुलिस और परिवहन विभाग को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के सहयोग से 17 अप्रैल से विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत शुक्रवार और शनिवार को कुल 33 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 9 वाहनों को थाने में निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में अधिकांश वाहन बुलेट मोटरसाइकिल पाए गए, जिनमें अवैध रूप से मोडिफाइड साइलेंसर लगे थे।


वाहन के खिलाफ कार्रवाई करते यातायात और परिवहन के अधिकारी। अमृत विचार

लालबाग क्षेत्र में स्पेयर पार्ट्स बेचने वाली करीब 20 दुकानों के प्रोप्राइटरों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही उन्हें 20 अप्रैल को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाए जा रहे हैं और पैंफलेट के माध्यम से लोगों को नियमों की जानकारी दी जा रही है। अभियान में एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रदीप कुमार, पीटीओ एसपी देव, आभा त्रिपाठी, अनीता वर्मा सहित चौकी इंचार्ज कैसरबाग और लालबाग मौजूद रहे।

# नाबालिग का यौन शोषण करने वाली महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाबालिग छात्र को फुसलाकर नैनीताल ले जाकर उसका यौन शोषण कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाली महिला को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोर निजी स्कूल में कक्षा-9 का छात्र है। पीड़ित की मां ने बताया कि बेटे को कैंपवेल रोड निवासी दोस्त की भाभी अतीका सिद्दीकी ने 17 फरवरी को मिलने के लिए बुलाया। अतीका बिना किसी को बताए छात्र को अपने साथ नैनीताल लेकर चली गई। 21 फरवरी को पुलिस ने छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। घर आने के बाद बेटा गुमसुम रहने लगा। कई बार पूछने पर उसने बताया कि अतीका ने बहाने से बुलाया था। उसके बाद अपने साथ नैनीताल ले गई। होटल ले जाकर अतीका ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। चोरी से उसकी फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद से अतीका अलग-अलग नंबरों से फोन कर उसे धमका कर 10 लाख की मांग की। 5 अप्रैल को किशोर की मां ने ठाकुरगंज थाने में अपहरण, मारपीट और पाक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास विरोध पर किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर थाने में महिला ने मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति पर जबरन घर में घुसकर असलहे के बल पर शारीरिक संबंध बनाने के प्रयास, छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें व ननद पर हमला किया। जिसमें वह घायल भी हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि 27 मार्च की शाम को वह घर पर अकेली थीं। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला गुड्डू शर्मा घर में घुस गया। पीड़िता के साथ उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया।

## सिटी ब्रीफ

### गंभीर मरीजों के पोषण को लेकर किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसजीपीजीआई के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने शनिवार को गंभीर रूप से बीमार रोगी को पोषण विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। आयोजन आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर बनानी पोद्दार और आयोजन सचिव प्रोफेसर अफजल अजीम ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में भर्ती मरीजों में कुपोषण की गंभीर समस्या को उजागर करना था, जो मृत्यु और रुग्णता का एक प्रमुख कारण मानी जाती है। कार्यशाला में केजीएमयू, लोहिया संस्थान और एरा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों में प्रारंभिक पोषण, प्रतिरक्षा पोषण की भूमिका, एक्यूट लिवर फेल्यर और ऑन्कोलॉजी रोगियों के लिए विशेष पोषण प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि समय पर और सही पोषण उपचार मरीजों की रिकवरी में अहम भूमिका निभाता है।

### तनाव से बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** बढ़ता तनाव और अनियमित जीवनशैली लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं। न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. धवल नारंग ने शनिवार को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के रिवर बैंक कॉलोनी स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला में बताया कि लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव न्यूरोलॉजिकल असंतुलन का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त विश्राम और तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। समय रहते ध्यान न देने पर यह स्थिति गंभीर रूप ले सकती है और मानसिक विकारों में बदल सकती है। डॉ. नारंग ने लोगों से दिनचर्या संतुलित रखने, पर्याप्त नींद लेने और पौष्टिक आहार अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर वीपी सिंह ने की, जबकि महेश गुप्ता, एनके निषाद समेत बड़ी संख्या में इंजीनियर उपस्थित रहे।

### श्रद्धा से मनाया गया गुरु अंगद देव का प्रकाश पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ:** एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में गुरु अंगद देव का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि इस मौके पर दीवान की शुरुआत अमृत वेले से नितनेम के पाठ और सुखमनी साहिब के पाठ से हुई। उन्होंने बताया कि हजूरी रागी हरविंदर सिंह ने आसा दि वार के कीर्तन किये, हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगतों को गुरु अंगद देव के इतिहास के बारे में बताया। गुरु नानक देव की दूसरी ज्योति के रूप में ब्रह्मांड को प्रकाशित करने वाले, सिखों को गुरुमुखी लिपि प्रदान करने वाले, गुरु शिष्य परम्परा में स्वयं को समर्पित कर उस परंपरा को पुनर्जीवित करने वाले गुरु नानक देव का इतिहास संकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले, सेवा, विनम्रता एवम त्याग की प्रतिमूर्ति दूसरे गुरु महाराज गुरु अंगद देव हैं।

# जंक फूड व बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों को बना रहा फैटी लिवर का शिकार

## हर 10 में तीन बच्चे फैटी लिवर के शिकार, बदलती लाइफस्टाइल बन रही खतरा

**विश्व लिवर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य।

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों का असर अब बच्चों की सेहत पर गंभीर रूप से देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार जंक फूड का अधिक सेवन और बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों में फैटी लिवर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन रहा है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के गैस्ट्रोमेडिसिन विभाग में ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ओपीडी में आने वाले हर 10 में से तीन बच्चे फैटी लिवर के शिकार है। यह जानकारी विश्व लिवर दिवस के मौके पर केजीएमयू में गैस्ट्रोमेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रुंगटा ने शनिवार को साझा की।

डॉ. सुमित का कहना कि पहले यह बीमारी मुख्य रूप से वयस्कों में पाई जाती थी, लेकिन अब कम उम्र के बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे है। अत्यधिक तली-भुनी चीजें, पैकेज्ड फूड, मीठे पेय पदार्थ और फास्ट फूड का लगातार सेवन बच्चों के शरीर में अतिरिक्त वसा जमा कर रहा है, जिससे लिवर पर असर पड़ता है। इसके साथ ही


डॉ. सुमित रुंगटा


मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर पर लंबे समय तक बिताया जाने वाला समय बच्चों की शारीरिक गतिविधियों को कम कर रहा है। खेलकूद और व्यायाम की कमी के कारण शरीर में फैट बढ़ता है, जो आगे चलकर लिवर की समस्या को जन्म देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही खान-पान और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर बच्चों को इस बढ़ती समस्या से काफी हद तक बचाया जा सकता है।

### संतुलित आहार ही लिवर को रखेगा स्वस्थ

- **अमृत विचार, लखनऊ:** संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान (एसजीपीजीआई) के हेपेटोलॉजी विभाग की ओर से विश्व लिवर दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैटी लिवर और मोटापे से बचाव के उपायों पर जानकारी दी गई। हेपेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अमित गोयल ने कहा कि बिगड़ती जीवनशैली के कारण बच्चों और बड़ों दोनों में फैटी लिवर और मोटापे के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते सावधानी न बरती गई तो यह समस्या गंभीर बीमारियों का रूप ले सकती है। कार्यक्रम में आहार विशेषज्ञों ने फैटी लिवर के मरीजों के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाकर, हरी सब्जियां, फल और प्रोटीन युक्त भोजन को दैनिक आहार में शामिल करना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों ने कहा कि नियमित व्यायाम, सीमित स्क्रीन टाइम और संतुलित खानपान अपनाकर फैटी लिवर और मोटापे जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

# अवध को भगवान राम जैसा ही महत्व दिया अकबर ने

**अवध आख्यान**


अनेहस शाश्वत

अवध कभी एक समृद्ध राज्य हुआ करता था, जिस पर नवाबों का शासन रहा। समय के साथ बहुत कुछ बदल गया, लेकिन लखनऊ की पहचान आज भी बड़े इमामबाड़े और नवाबी इतिहास से जुड़ी हुई है। नवाबों के जीवन से जुड़े तमाम सच्चे-झूठे किस्से प्रचलित हैं, मगर अवध का राजनीतिक इतिहास कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे अंग्रेजों ने अपेक्षाकृत कम सामने आने दिया। इसी इतिहास को समझना जरूरी है, क्योंकि यही लखनऊ की वर्तमान पहचान की नींव है। अवध का संबंध प्राचीन काल में भगवान राम से भी जोड़ा जाता है, लेकिन आधुनिक राजनीतिक महत्व की शुरुआत मुगल सम्राट अकबर के समय से मानी जाती है। अकबर ने अपने विशाल साम्राज्य को व्यवस्थित करने के लिए इसे बारह सूबों में विभाजित किया, जिनमें अवध भी शामिल था। यह क्षेत्र पहले से ही राम की नगरी के रूप में अवध कहलाता था, इसलिए अकबर ने भी इसे उसी नाम से सूबा बनाया। सूबों के प्रशासन के लिए सूबेदार नियुक्त किए जाते थे, जिनका समय-समय पर तबादला होता था। यह व्यवस्था अकबर से लेकर औरंगजेब तक जारी रही। इस दौरान मुगल साम्राज्य का विस्तार हुआ और सूबों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। अवध भी इन्हीं सूबों में एक महत्वपूर्ण सूबा रहा, जहां शासन का अंतिम अधिकार मुगल बादशाह के पास ही रहता था। हुमायूं और जहांगीर के अवध आने के उल्लेख भी इतिहास में मिलते हैं, हालांकि वे यहां अधिक समय तक नहीं रुके। औरंगजेब की मृत्यु 1707 में हुई, जिसके बाद मुगल साम्राज्य कमजोर होने लगा। इसी दौर में 1718 में मुहम्मद शाह 'रंगीला' गद्दी पर बैठा। उस समय दरबार में सैय्यद बंधुओं का अत्यधिक प्रभाव था, जिन्होंने कई बादशाहों को हटाया और मारा था। उनसे निपटने की जिम्मेदारी मुहम्मद शाह ने अपने विश्वस्त वजीर सआदत खान (बुरहान-उल-मुल्क) को सौंपी। सआदत खान मूल रूप से ईरान से आए शिया मुसलमान थे और मुगल दरबार में प्रभावशाली स्थान बना चुके थे।

सआदत खान ने सैय्यद बंधुओं को युद्ध में पराजित कर उनका वर्चस्व समाप्त किया। कहा जाता है कि उन्होंने उनकी हत्या के बाद उनका सिर तलवार पर उठाकर दिल्ली के चांदनी चौक में घुमाया, जिससे दरबार में भय और सत्ता की शक्ति का संदेश गया। इससे मुहम्मद शाह निष्कंटक हो गया। प्रसन्न होकर बादशाह ने सआदत खान को 'बुरहान-उल-मुल्क' की उपाधि दी और उन्हें आगरा, कश्मीर या अवध में से किसी एक सूबे का सूबेदार बनने का विकल्प दिया। अवध उस समय सबसे समृद्ध और अधिक आय वाला सूबा था, इसलिए सआदत खान ने इसे चुना। यहीं से अवध के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय शुरू हुआ, जिसने आगे चलकर भारतीय राजनीति में भी प्रभाव डाला। हालांकि सूबेदारी संभालने के बाद सआदत खान सीधे लखनऊ नहीं आए, बल्कि अयोध्या में ठहरे। उस समय स्थानीय शेखजादों का लखनऊ के पंचमहला किले पर प्रभाव था, इसलिए टकराव से बचने के लिए उन्होंने यह रणनीति अपनाई। बाद में उन्होंने शेखजादों को समाप्त कर अवध पर अपना नियंत्रण स्थापित किया, लेकिन प्रशासन अयोध्या से ही चलाते रहे। 1739 में नादिरशाह के दिल्ली आक्रमण के दौरान सआदत खान मुहम्मद शाह के बुलावे पर वहां पहुंचे, लेकिन परिस्थितियों में उन्होंने दोनों पक्षों के साथ छल किया। अंततः नादिरशाह की विजय के बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली। उस समय की राजनीति में ऐसे छल-कपट आम बात थे। सआदत खान की मृत्यु के बाद उनके भतीजे और दामाद सफदरजंग ने अवध की सूबेदारी संभाली। उन्होंने नादिरशाह को दो करोड़ रुपये देकर न केवल सूबेदारी प्राप्त की, बल्कि मुहम्मद शाह के प्रमुख वजीर भी बने। सफदरजंग



का मकबरा आज भी दिल्ली में मौजूद है, जिसे मुगल काल की अंतिम भव्य इमारतों में गिना जाता है। इसके बाद अवध की सत्ता इसी वंश में बनी रही। सफदरजंग के बाद उनके पुत्र शुजाउद्दौला नवाब बने, जिन्होंने अवध के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वंश आगे बढ़ते हुए अंतिम नवाब वाजिद अली शाह तक पहुंचा, जिन्हें अंग्रेजों ने 1856 में गद्दी से हटाकर कलकत्ता (मटियाबुर्ज) भेज दिया, जहां 1887 में उनका निधन हुआ। अवध का यह इतिहास केवल नवाबी वैभव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय राजनीति, प्रशासन और सांस्कृतिक विकास की एक महत्वपूर्ण धरोहर भी है, जिसकी छाप आज भी लखनऊ की पहचान में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

# फसलों में खरपतवार नाशक का इस्तेमाल सिकोड़ रहा फेफड़े

- केजीएमयू में बीते कुछ सालों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी
- खरपतवार नाशक पीकर गंभीर हुई महिला के फेफड़े सिकुड़ने से विशेषज्ञों की बढ़ी आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** काकोरी क्षेत्र की एक महिला द्वारा घरेलू विवाद के चलते खरपतवार नाशक (पैराक्वाट) पीने का मामला दुखद अंत पर पहुंचा। गंभीर हालत में भर्ती महिला ने करीब एक सप्ताह तक जिंदगी के लिए संघर्ष किया, लेकिन अंततः शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पहले उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत बिगड़ने पर 8 अप्रैल को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर लाया गया। यहां उसे पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में एक्मो मशीन के सपोर्ट पर रखा गया।


एक्मो मशीन

### 70 देशों में प्रतिबंधित

- स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों के चलते पैराक्वाट पर 70 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। विशेषज्ञ भारत में भी कड़े कदम उठाने की आवश्यकता बता रहे हैं।

### अध्ययन की जरूरत

- डॉ. वेद प्रकाश के मुताबिक ऐसे मामलों में पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि हुई है। आशंका है कि फसलों में अंधाधुंध खरपतवार नाशकों का उपयोग खाद्य श्रृंखला के माध्यम से शरीर में पहुंच रहा है, जिससे फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। इस पर विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है।

### फेफड़े सिकुड़ने से बिगड़ी हालत

- चिकित्सकों के अनुसार पैराक्वाट के सेवन से महिला के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो गए और वह पल्मोनरी फाइब्रोसिस की शिकार हो गई थी। इस स्थिति में फेफड़े सिकुड़ जाते हैं और शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि यह अत्यंत विषैला रसायन है, जिससे जान का खतरा रहता है और तुरंत चिकित्सा जरूरी है।

### एक्मो: जीवन बचाने की आधुनिक तकनीक

- एक्मो मशीन गंभीर स्थिति में हृदय और फेफड़ों के काम न करने पर रक्त में ऑक्सीजन पहुंचाकर मरीज को जीवन देने का समय देती है। केजीएमयू में इसका प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विधेयक गिरने पर विपक्षी दलों की भूमिका की कड़ी आलोचना

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोमती नगर स्थित कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाए।

गोपाल राय ने कहा कि सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गिराना महिलाओं के अधिकारों से उन्हें वंचित करने का प्रयास है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने इसे केवल एक विधेयक का नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों और आकांक्षाओं के ठहर जाने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया था, जो भारतीय संविधान के समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है। ऐसे में कुछ सांसदों द्वारा इसके विरोध में मतदान करना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। गोपाल राय ने राष्ट्रपति से मांग की कि इस विधेयक का विरोध करने वाले सांसदों के आचरण की संवैधानिक और नैतिक समीक्षा कराई जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा देश की महिलाओं की भावनाओं से जुड़ा है और इसके प्रति गंभीरता आवश्यक है



प्रदर्शन करते विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता।

## आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

**अमृत विचार, लखनऊ :** अक्षय तृतीया रविवार को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। इस दिन किए गए शुभ कार्यों का फल अक्षय यानी कभी समाप्त न होने वाला माना जाता है। तृतीया तिथि प्रातः 10:49 बजे से शुरू होकर 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। यह दिन स्वयं सिद्ध और अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसमें विवाह, गृह प्रवेश और नया व्यापार जैसे कार्य बिना विशेष मुहूर्त के किए जा सकते हैं। ज्योतिषाचार्य एसएन नागपाल के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से धन-समृद्धि प्राप्त होती है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान विष्णु के नर-नारायण और हयग्रीव अवतार हुए थे तथा परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है।

इस बार अक्षय तृतीया पर रवि, आयुष्मान, त्रिपुष्कर और सौभाग्य जैसे शुभ योग बन रहे हैं। खरीदारी के लिए अभिजित मुहूर्त 11:40 से 12:31, विजय मुहूर्त 02:15 से 03:06 और सायं मुहूर्त 06:32 से 07:39 तक रहेगा।

# बैंककर्मियों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**05** दिवसीय बैंकिंग व पीएलआई योजना को लेकर संघर्ष तेज

**अमृत विचार :** पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू कराने और परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को समझौते के अनुसार लागू करने की मांग को लेकर बैंककर्मियों का विरोध तेज हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे आंदोलन के तहत शनिवार को बैंक कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया।

यूनाइटेड फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि बैंककर्मियों ने पूर्व में भी लंबा संघर्ष किया था और 27 जनवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी, लेकिन अब तक सरकार ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्केल-IV और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए मनमाने ढंग से पीएलआई लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, जो सुलह प्रक्रिया की अनदेखी है। उन्होंने बताया कि इसके विरोध में बैंककर्मियों ने 'वर्क टू रूल' लागू कर दिया है। कर्मचारी निर्धारित समय में ही कार्य करेंगे और अतिरिक्त जिम्मेदारियां नहीं निभाएंगे। अधिकारी शाम छह बजे के बाद प्रबंधन के फोन नहीं उठाएंगे और आधिकारिक व्हाट्सएप समूहों से दूरी बनाए रखेंगे। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी के अनुसार 2 मई को काला बैज और 16 मई को काले वस्त्र पहनकर विरोध किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न केंद्रों पर सभाएं आयोजित होंगी और आगे हड़ताल सहित अन्य आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।



काला फीता बांधकर विरोध जताते बैंककर्मी।

## सिटी डायरी

### भातखंडे विवि में पं. साजन मिश्र के मार्गदर्शन में गायन कार्यशाला हुई


जानकारी देते पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र।

**अमृत विचार, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के निर्देशन में आयोजित चार दिवसीय गायन कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला पंडित विष्णु नारायण भातखंडे की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत सुजान सभागार में 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित की गई। समापन सत्र की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर ने पंडित साजन मिश्र को पुष्पगुच्छ भेंट कर की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और पद्मश्री मालिनी अवस्थी भी उपस्थित रहीं। प्रथम सत्र में पंडित साजन मिश्र ने राग झिंझोटी की विलंबित व द्रुत रचनाओं का अभ्यास कराया। द्वितीय सत्र में राग अहीर भैरव और वृंदावनी सारंग की रचनाओं का अभ्यास कराया गया।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम सुनील कुमार वर्मा।

### डीआरएम ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अप गुड्स यार्ड का दौरा कर परिचालन व्यवस्था और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में ब्रेकवान की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए उसके नियमित रखरखाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गार्ड को कार्य निष्पादन में सुविधा मिल सके। इसके बाद डीआरएम ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) की ओर से कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने यार्ड मास्टर कार्यालय का भी निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का आकलन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


पत्रकारों से संवाद करते फिल्म के कलाकार।

### प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे कलाकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** आने वाली रोमांटिक और कामेडी फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी-2 के प्रमोशन के लिए इसके कलाकार शनिवार को लखनऊ पहुंचे। फिल्म के लीड कलाकार अविनाश तिवारी, मेधा शंकर, निर्देशक प्रशांत झा और निर्माता विनोद बच्चन नवाबों के शहर पहुंचे तो माहौल शादी जैसा तैयार किया गया था। कलाकारों ने पत्रकारों से बातचीत में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर ने अपने-अपने किरदारों पर रोशनी डाली और बताया कि कैसे उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इस फिल्म की जान बनने वाली है। फिल्म की स्टार कास्ट में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयानी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी और रोहित चौधरी जैसे कलाकार शामिल हैं।


डॉ.कौसर उस्मान को सम्मानित करते जस्टिस कमर हसन रिजवी और सिराज मेहदी।

### सम्मानित किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** आल इंडिया इत्तेहाद-ए-मिल्लत कन्वेंशन की ओर से न्यू हैदराबाद स्थित बांदी हाउस में चार चिकित्सकों और शिया-सुन्नी चांद कमेटियों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। जस्टिस कमर हसन रिजवी, सिराज मेहदी, मौलाना सैफ अब्बास व मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र दिए। सम्मानितों में डॉ. कौसर उस्मान, प्रो. अब्बास मेहदी, डॉ. राजीव गर्ग और डॉ. विपुल प्रकाश शामिल रहे।

**सुविधा** | इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी से आसान हुआ उपचार, गैंगरीन और ब्लॉकेज में भी अंग कटने से बचाने की नई उम्मीद

# ब्रेन स्ट्रोक का इलाज अब बिना बड़ी सर्जरी के संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब ब्रेन स्ट्रोक और दिमाग की नस में रक्तस्राव (एन्यूरिज्म) का इलाज बिना खोपड़ी खोले संभव हो गया है। पहले जहां इसके लिए बड़े ऑपरेशन की आवश्यकता होती थी, वहीं अब पैर की नस से कैथेटर डालकर दिमाग तक पहुंचते हुए 'कॉइलिंग' तकनीक से रक्तस्राव को रोका जा सकता है। इससे मरीजों के जल्दी स्वस्थ होने की संभावना बढ़ी है और जोखिम भी कम हुआ है। यह जानकारी केजीएमयू रेडियोडायग्नोसिस विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनित परिहार ने दी।



कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ।

इंडियन सोसाइटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के उत्तर प्रदेश चैप्टर की ओर से सुलतानपुर रोड स्थित होटल में आयोजित कॉन्फ्रेंस में डॉ. अनित परिहार ने बताया कि इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी आधुनिक चिकित्सा में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, संजय गांधी पीजीआई और डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान समेत कई संस्थानों में इस तकनीक से मरीजों को राहत मिल रही है।

कॉन्फ्रेंस में डॉ. रोहित अग्रवाल ने बताया कि डायबिटीज के मरीजों में पैरों की नसों में ब्लॉकेज और घाव के कारण गैंगरीन का खतरा बढ़ जाता है, जिससे कई बार पैर काटने की नौबत आ जाती है। आयोजक सचिव डॉ. नितिन अरुण दीक्षित ने बताया कि इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी को सुपर-स्पेशियलिटी के रूप में मान्यता मिल चुकी है। यह तकनीक छोटी सुई या कैथेटर के जरिए जटिल बीमारियों का इलाज संभव बनाती है।

वहीं डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि कैंसर के मामलों में ट्यूमर एब्लेशन और कीमोएंबोलाइजेशन जैसी तकनीकों से बिना बड़ी सर्जरी इलाज संभव है। डॉ. तुशांत कुमार ने कहा कि यह तकनीक सुरक्षित, प्रभावी और कम जोखिम वाली चिकित्सा का नया विकल्प बन रही है। कॉन्फ्रेंस में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दुर्गेश द्विवेदी, डॉ. गौरव राज सहित देश-विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## सिटी ब्रीफ

### पराग पावन को जन संस्कृति सम्मान आज

अमृत विचार, लखनऊ : जन संस्कृति मंच (जसम) की ओर से युवा कवि पराग पावन को रमाशंकर यादव विद्रोही जन संस्कृति सम्मान से 19 अप्रैल को शाम 4 बजे कैफी आज़मी अकादमी में सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह की अध्यक्षता आलोचक तथा समकालीन जनमत पत्रिका के प्रधान संपादक रामजी राय करेंगे। स्वागत वक्तव्य कवि-आलोचक कौशल किशोर का होगा।जन संस्कृति मंच लखनऊ के सचिव फरजाना महदी ने बताया कि इस मौके पर समकालीन कविता में प्रतिरोध की परंपरा विषय पर परिचर्चा होगी। इसके मुख्य वक्ता कवि और आलोचक मृत्युंजय (दिल्ली) होंगे। कवि अनुपम सिंह (दिल्ली) तथा रूपम मिश्र (प्रतापगढ़) भी इस विषय पर अपने विचार रखेंगी। संचालन जसम उत्तर प्रदेश के सचिव चिंतक-आलोचक रामनरेश राम करेंगे।

### फिजियोथैरेपी शिविर आयोजित

अमृत विचार,लखनऊ : मोती लाल मेमोरियल सोसाइटी के अंतर्गत संचालित संस्था हर बिलास बाल एवं महिला चिकित्सालय, चारबाग में नि:शुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन चिकित्सालय के अवैतनिक सचिव एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अजय शंकर राय ने गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. अमजदुल हक खान ने मरीजों का घुटना दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका तथा बच्चों में विभिन्न विकास संबंधी समस्याओं का इलाज व परामर्श दिया। शिविर में आर्यन पैथालॉजी की ओर से शुगर की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में मरीजों ने उठाया। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ. हरेम्ब अग्निहोत्री सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

### पेटेंट डिज़ाइन फाइलिंग पर हुई कार्यशाला

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा अवध इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के सहयोग से आइपीआर एवं पेटेंट डिज़ाइन फाइलिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व और पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया से अवगत कराना था। संयोजक प्रो. सैयद हैदर अली ने ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के मुख्य वक्ता ज़फर अहमद, संस्थापक सिल्वर लाइनिंग आईपी ने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क की विस्तृत जानकारी दी तथा फाइलिंग प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिनादी अकबर ने किया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ और प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### नारी शक्ति वंदन पर हुए विविध कार्यक्रम

अमृत विचार , लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के अंतर्गत 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. अजय तनेजा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा अत्यंत प्रभावी ढंग से किया गया। आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय में नारी सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व तथा समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर एक रचनात्मक चित्रकला गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसका विषय 'नारी शक्ति वंदन' रहा। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचारों और संवेदनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रस्तुत कलाकृतियों में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया।

### रेजिडेंसी में विरासत पदयात्रा आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : इंटैक लखनऊ चैप्टर एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त तत्वावधान में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर लखनऊ रेजिडेंसी परिसर में विरासत पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों को मुख्य भवन, बेगम कोठी और बैली गार्ड गेट सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। विशेषज्ञों ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रेजिडेंसी की भूमिका और ब्रिटिशकालीन स्थापत्य की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज और बीकेटी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# अटल विवि कराएगा जीएनएम दाखिले की परीक्षा

## सरकारी और गैर-संबद्ध निजी कॉलेजों की परीक्षा की मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 सरकारी कॉलेजों में 513 और 433 निजी कॉलेजों में 20,245 सीटें

अमृत विचार : अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की प्रवेश समिति की शनिवार को हुई बैठक में जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर अहम निर्णय लिया गया। नए शैक्षिक सत्र 2026-27 से प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव लागू किए जाएंगे।

बैठक में तय किया गया कि प्रदेश के सभी सरकारी जीएनएम कॉलेजों और उन निजी कॉलेजों, जो किसी अन्य मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध नहीं हैं, की प्रवेश परीक्षा अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी कराएगी। वहीं, जो निजी जीएनएम कॉलेज निजी मेडिकल यूनिवर्सिटीज से संबद्ध हैं, उनमें प्रवेश परीक्षा संबंधित यूनिवर्सिटी स्वयं आयोजित करेगी।

प्रदेश में वर्तमान में 10 सरकारी जीएनएम कॉलेजों में कुल 513 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि 433 निजी कॉलेजों में 20,245 सीटें हैं। इस निर्णय से प्रवेश प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की कोशिश की गई है।

बैठक में कुलपति डॉ. अमित देवगन, डीन डॉ. अशोक विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला तथा स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सभी जीएनएम कॉलेज स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध हैं। वर्ष 2025-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित की गई थी, लेकिन आगामी सत्र में व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि सफल अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद में प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त इंतजाम किए जाएंगे। गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कॉलेजों के मानकों की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि बेहतर नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ तैयार किया जा सके। प्रवेश परीक्षा की तिथि और विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही घोषित किए जाने की संभावना है।

### सहायक आचार्य परीक्षा की एआई से हुई निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा का आयोजन लखनऊ समेत प्रदेश के 6 शहरों में आयोजित किया गया। शिक्षा सेवा चयन आयोग की तरफ से पहली बार इस परीक्षा में एआई से परीक्षार्थियों की जांच और कंट्रोल सेंटर से निगरानी की गई। सहायक आचार्य 9 विषयों में यह परीक्षा आयोजित की गई जिसमें एसियन कल्चर, म्यूजिक तबला, फीजिकल एजुकेशन, उर्दू, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, रसायन शास्त्र, शिक्षा और प्राणिविज्ञान में परीक्षाएं सम्पन्न हुई। प्रथम पाली की परीक्षा शनिवार को सुबह 9 :30 बजे लखनऊ सहित आगरा, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 48 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल प्रारम्भ हुई। आयोग में स्थापित एकीकृत नियंत्रण कक्ष द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की गई। प्रथम पाली के परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विनयखण्ड-4 गोमती नगर में परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व किसी कारणवश विद्यालय के प्राचार्य कक्ष में एसी के वायरिंग में आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी। मौके पर उक्त परीक्षा केन्द्र पर नोडल अधिकारी एवं आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक योगेन्द्र नाथ सिंह मौजूद थे। प्रशासन द्वारा तत्काल आग पर काबू पाया गया एवं परीक्षार्थियों को अन्य विंग में शिफ्ट करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# नियमितीकरण के लिए सरकार से किया आग्रह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र उत्थान समिति के तत्वाधान में टेट-सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों का वार्षिक संवाद कार्यक्रम निजी गेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिलाध्यक्षों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मानदेय वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में सरकार की ओर से योग्यता आधारित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके तहत टेट की अनिवार्यता लागू की गई है। उत्तर प्रदेश में लगभग 50 हजार शिक्षामित्र टेट उत्तीर्ण हैं, जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, आरटीई एक्ट और नई शिक्षा नीति-2020 के मानकों को पूरा करते हैं। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि उत्तराखंड जैसे राज्यों की तर्ज पर प्रदेश के टेट पास शिक्षामित्रों को नियमित किया जाए, ताकि वे शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बना सकें। इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष), मनोज कुमार द्विवेदी (प्रदेश प्रवक्ता), नेम चंद्र वर्मा (प्रदेश महासचिव), उबैद अहमद सिद्दीकी (प्रदेश सचिव), रोहतास कुमार (प्रदेश मंत्री), शालिनी सिंह (जिलाध्यक्ष सीतापुर) और अंजू मधुप सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएएल पॉयरेट्स और मावरिक्स ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

अमृत विचार , लखनऊ : एपीएस स्पोर्ट्स ट्रॉफी के अंतर्गत खेले जा रहे रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएएल पॉयरेट्स और सीएएल मावरिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों टीमों की जीत से टूर्नामेंट में रोमांच बढ़ गया है।

ब्लेज विलो मैदान पर खेले गए मुकाबले में सीएएल पॉयरेट्स ने सीएएल ऑलिव को 23 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पॉयरेट्स ने 134 रन बनाए। जवाब में ऑलिव की टीम 111 रनों पर सिमट गई। पॉयरेट्स की ओर से स्वरित सिंह ने 45 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि पद्मेश दयाल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। दूसरा मुकाबला यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया, जहां सीएएल मावरिक्स ने सीएएल नाइट्रस को 124 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। मावरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 322 रन बनाए।

# पंच का दम दिखाया, पहुंचे फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में किया जा रहा है।

दिनभर चले मुकाबलों में आरुषी, वर्णिका, अनुष्का, शगुन, शिवानी के साथ अंश, फैज, यशदीप, ऋषभ, करन और रेहान ने शानदार तकनीक और ताकत का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल का टिकट हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक राजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व वरिष्ठ कोच नसीम कुरैशी के निधन पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

50 किग्रा में मॉडर्न अकादमी विनम्र खंड की आरुषी ने सीएमएस स्टेशन रोड की यशस्वी श्री रावत को हराया। 52 किग्रा में एपीएस की वर्णिका मिश्रा ने रेसी को पराजित किया, जबकि केडी सिंह बाबू स्टेडियम की अनुष्का शर्मा ने अलीजा को मात दी। 57 किग्रा में सेंट मैरी की सारा कलाम और सीएमएस शालीमार की अपूर्वा दक्ष ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।


प्रतियोगिता के दौरान एक दूसरे पर हमलावर खिलाड़ी। अमृत विचार

### अनुरुद्ध, प्रतीक और देवराज का क्लीन स्वीप

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ के आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में एक लाख रुपये की इनामी राशि वाले आइटा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट का शनिवार से आगाज हुआ। एकतरफा मुकाबलों में यूपी के अनुरुद्ध कुमार, हरियाणा के प्रतीक और गुजरात के देवराज गोहिल ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को 6-0, 6-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला दिल्ली के आर्यन सेजवाल और यूपी के सौरभ कुमार सिंह के बीच खेला गया। पहले सेट में टाई-ब्रेकर हारने के बाद आर्यन ने शानदार वापसी करते हुए मैच 6-7(2), 6-1, 10-7 से अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में उड़ीसा के रौनक गिलरा और यूपी के उदय कौल ने जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

# आधी आबादी की सहभागिता से बनेगा विकसित भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- श्रीजयनारायण पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचारः जब महिलाएं नीति-निर्धारक की भूमिका में होंगी तो वे उद्यमिता और ग्रामीण एवं शहरी विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों को अधिक सशक्त तरीके से लागू कराने में सहभागी बनेंगी। आधी आबादी की आर्थिक भागीदारी से ही भारतीय अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी और विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। यह बात श्री जय नारायण मिश्रा पी.जी. कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा ''नारी शक्ति वन्दन अधिनियम'' पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. भारती पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं की निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होगी और समाज में समानता को बढ़ावा मिलेगा।

प्रो. भारती पाण्डेय ने कहा कि पितृसत्तात्मक सोच में परिवर्तन आवश्यक है। ताकि कामकाजी तथा गैर-कामकाजी सभी महिलाओं को समान रूप से उचित सम्मान और पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सत्ता प्रतिष्ठानों में महिलाओं के समावेशन को सुनिश्चित करने वाला अधिनियम कल पारित नहीं हो सका, लेकिन हमें आशावादी बने रहना होगा। सह वक्ता प्रो. अलका शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के उत्थान में पुरुषों का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वागत उद्बोधन प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. निहारिका वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीना सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रो. शमामा मिर्जा, प्रो. वंदना सिंह, डॉ. ममता दीक्षित, डॉ. नीता चक्रवर्ती, डॉ. अनुरंजिता और डॉ. शुचि गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसी के निमित्त आज महाविद्यालय में एक वृहद मानव श्रृंखला भी बनायी गयी।

### प्राणि विज्ञान विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर हुई कार्यशाला

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा मेकइंटर्न और आईआईटी हैदराबाद का ई-सेल के सहयोग से आयोजित जीवन विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। यह कार्यशाला ओएनजीसी परिसर स्थित आईडब्लूएस में आयोजित की गई। विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा तथा प्राणि विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित की गई। संकाय समन्वयक के रूप में प्रो. मोनिशा बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि डॉ. हादिया हुसैन और डॉ. निधि द्विवेदी उप-समन्वयक रहीं। कार्यशाला का संचालन भी डॉ. हादिया हुसैन ने किया। कार्यशाला के मुख्य आकर्षण के रूप में इटली स्थित प्रौद्योगिकी संस्थान से आए विशेषज्ञ डॉ. पुनीत काकर ने व्यावहारिक सत्रों का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न अनुप्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया।

# भातखंडे विवि में हुई कहानी लेखन और भाषण प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में शनिवार को भाषण एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में 7 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत की परिकल्पना और मेरे प्रिय कलाकार विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में आंचल वर्मा (बीपीए सेमेस्टर-4, गायन) को प्रथम स्थान, तृषा मिश्रा (एमपीए सेमेस्टर-2, कथक) ने द्वितीय स्थान तथा नैतिक सिंह राजपूत (बीपीए सेमेस्टर-4, गायन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके बाद हमारा लखनऊ एवं आनंद मठ विषयों पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुषमा नेगी (बीपीए सेमेस्टर-4, गायन) ने प्रथम स्थान, पार्थ मिश्र (बीपीए सेमेस्टर-2, गायन) ने द्वितीय स्थान तथा प्रिया रावत (बीपीए सेमेस्टर-4, कथक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रप्रेम एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं।


प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

### परिषदीय स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग ने पकड़ा जोर

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण गर्मी के चलते जहां आम जनजीवन प्रभावित है, वहीं परिषदीय स्कूलों के बच्चों की परेशानी भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक करने की मांग तेज हो गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि बढ़ते तापमान से बच्चे काफी परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती के कारण दोपहर में कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय में बदलाव किया गया है, लेकिन अधिकांश जिलों में अभी भी पुराने समय पर ही स्कूल संचालित हो रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने भी इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है।

विश्व धरोहर दिवस | प्राणि उद्यान के निदेशक डॉ. संजय कुमार बिस्वाल ने किया उद्घाटन

# राज्य संग्रहालय में आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर शनिवार को राज्य संग्रहालय में 'हमारी धरोहरें, हमारा गौरव' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा, अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात के मार्गदर्शन और निदेशक डॉ. सृष्टि धवन के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत भारत और विश्व की विरासतों पर आधारित प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रदर्शनी में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल स्थलों के छायाचित्र प्रदर्शित किए गए, जिनमें अजंता और एलोरा गुफाएं, ताजमहल, आगरा किला तथा असम के चराईदेव की अहोम दफन प्रणाली शामिल रही।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के 267 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियांश वर्मा ने प्रथम, अक्षत मिश्रा ने द्वितीय और यशी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आराध्या सिंह, श्रियांश अस्थाना और ओजस तिवारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राणी उद्यान लखनऊ के निदेशक डॉ. संजय कुमार बिस्वाल ने किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहरें राष्ट्र की पहचान होती हैं और इनके संरक्षण में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने भी विरासत संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी खेमका ने किया और अंत में सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### क्यू आर से खरीदें धरोहरों के टिकट

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट के अन्तर्गत बड़ा इमामबाड़ा स्थित भूलभुलइया, बावली, पिक्चर गैलरी, छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही हम्माम, सतखण्डा और मक़बरा सआदत अली खां में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत टिकट व्यवस्था के लिए ट्रस्ट ने https://lucknowimambara.com वेबसाइड तैयार करायी है। पर्यटकों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड को स्कैन कर भी टिकट लिया जा सकता है। इसके अलावा टिकट बुकिंग सिस्टम एवं सेल्फ टिकट कियोस्क मशीन भी उपलब्ध कराई गई है।

## सिटी डायरी


पदक विजेता राधिका और अनुष्का।

### दमदार प्रदर्शन कर अनुष्का ने किया दोहरे स्वर्ण पर कब्जा

अमृत विचार , लखनऊ : गोमती नगर के विनय खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अनुष्का श्रीवास्तव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-17 बालिका वर्ग में अनुष्का ने दमदार खेल दिखाते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी और स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, युगल महिला वर्ग में भी अनुष्का ने राधिका अग्रवाल के साथ मिलकर बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया और इस वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता दर्ज की। विनय खंड में अभ्यास करने वाली राधिका अग्रवाल ने भी प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने युगल महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ महिला एकल वर्ग में रजत पदक पर कब्जा जमाया।


बच्चों को पुरस्कृत करते न्यायालय के अधिवक्ता।

### दिवंगत वकीलों के बच्चों को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : अधिवक्ता कल्याणकारी एसोसिएशन के तत्वावधान में सिविल कोर्ट स्थित सेंट्रल बार एसोसिएशन सभागार में शनिवार को 30वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन रहे, जबकि न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिवंगत अधिवक्ताओं के 12 बच्चों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की गई। लाभार्थियों में वेदिका शुक्ला, ईशानी यादव, दीक्षा चंद्रा, आस्था शुक्ला, वैशाली सिंह, अशित शुक्ला, दीपिका सिंह, अभिनव दर्शन, तनिष्का श्रीवास्तव, सानिया रिजवी, वर्तिका सिंह और वैष्णवी अवस्थी शामिल रहीं। कार्यक्रम में आयुषी उपाध्याय के आईएएस और गुलाब सिंह के यूपी प्रशासनिक सेवा में चयन पर सम्मानित किया गया।


पुरस्कृत बच्चों के साथ मुख्य अतिथि व शिक्षक।

### प्रदर्शनी में नेचुरल एसी मॉडल प्रथम

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, अलीगंज में अंतर्शाखीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें चार शाखाओं के 42 नवाचार मॉडल प्रदर्शित किए गए। इस दौरान 120 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपने मॉडलों का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया। मुख्य अतिथि रीजनल साइंस सिटी के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी राम कुमार ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर प्रतिभागियों से जानकारी ली। उन्होंने नेचुरल एसी (कुल्हड़-जूट एसी) मॉडल को प्रथम घोषित करते हुए कहा कि इसमें सुधार कर पेटेंट कराया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रथम पांच विजेता टीमों को क्रमश : 1001, 901, 801, 701 और 601 रुपये नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


मॉडल यूनाइटेड नेशन की विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए।

### मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में आयोजित तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुई। अंतिम दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि रानू चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सीबीआई) ने किया। उन्होंने इसे छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करने वाला मंच बताया। सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों के 250 छात्रों ने भाग लेकर वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।